भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1046

जिसका उत्तर मंगलवार, 9 दिसम्बर, 2025/18 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

उत्तराखंड में संवितरित बीमा राशि

1046 # श्री महेंद्र भट्ट:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत उत्तराखंड में अब तक कितने लोगों को कितनी बीमा राशि संवितरित की जा चुकी है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

दिनांक 26.11.2025 तक उत्तराखंड राज्य में जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के दावा की संवितरित राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

26.11.2025 तक	**पीएमजेजेबीवाई**		**पीएमएसबीवाई**	
	भुगतान किए गए दावों की संचयी संख्या	भुगतान की गई कुल दावा राशि (करोड़ रुपये में)	भुगतान किए गए दावों की संचयी संख्या	भुगतान की गई कुल दावा राशि (करोड़ रुपये में)
उत्तराखंड	6,606	132.12	1,131	22.62

स्रोत: बैंक और बीमा कंपनियाँ

*****